25.05.2026 आकाशवाणी जयपुर–अजमेर 18.30 पीएम
प्रादेशिक समाचार

○ राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राजस्थान की तीन प्रतिभाओं सहित 66 हस्तियों को पद्‌म पुरस्कारों से सम्मानित किया।

○ मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आज टोंक ज़िले के बीसलपुर बांध से 'वंदे गंगा जल संरक्षण–जन अभियान' का शुभारंभ किया।

○ केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह आज से दो दिन के बीकानेर दौरे पर–कल सांचू सीमा चौकी पर प्रहरी सम्मेलन में शिरकत करेंगे।

○ नौतपा शुरू होने के साथ ही प्रदेश में भीषण गर्मी का असर बढ़ा।

000

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज इस साल के पहले नागरिक अलंकरण समारोह में राजस्थान की तीन प्रतिभाओं सहित 66 हस्तियों को पद्‌म पुरस्कारों से सम्मानित किया। इनमें से दो को पद्‌म विभूषण, छह को पद्‌म भूषण और 58 हस्तियों को पद्‌म श्री से नवाज़ा गया।
मशहूर फिल्म अभिनेता धर्मेंद्र सिंह देओल को कला के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए मरणोपरांत पद्‌म विभूषण से सम्मानित किया गया है। भारतीय वायलिन वादन के दिग्गज उस्ताद डॉ. एन. राजम को भी पद्‌म विभूषण से सम्मानित किया गया।
जिन जानी–मानी हस्तियों को पद्‌म श्री से सम्मानित किया गया है, उनमें प्रदेश के भपंग वादक गफरुद्दीन मेवाती, समाज सेवक स्वामी ब्रह्मदेव महाराज और अलगोज़ा वादक तगाराम भील भी शामिल हैं। श्री भील को कला के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य के लिए ये सम्मान दिया गया है।

000

राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित कई केंद्रीय मंत्री तथा गणमान्य लोग मौजूद रहे। गौरतलब है कि वर्ष 2026 के लिए, राष्ट्रपति ने 131 पद्‌म पुरस्कारों को प्रदान करने की मंजूरी दी है, जिनमें पांच पद्‌म विभूषण, 13 पद्‌म भूषण और 113 पद्‌म श्री पुरस्कार शामिल हैं। शेष पद्‌म पुरस्कार विजेताओं को बाद में आयोजित होने वाले समारोह के दूसरे चरण में सम्मानित किया जाएगा।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आज गंगा दशमी के अवसर पर टोंक ज़िले के बीसलपुर बांध से 'वंदे गंगा जल संरक्षण–जन अभियान' का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने बीसलपुर बांध पर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिवत जल पूजन किया। इस अवसर पर श्री शर्मा ने कहा कि जल संरक्षण की दिशा में यह महत्वपूर्ण पहल है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जल ही जीवन का आधार है। उन्होंने प्रदेश के नागरिकों से सक्रिय भूमिका निभाकर जल संरक्षण अभियान को सफल बनाने की अपील की।

000

मुख्यमंत्री ने ईसरदा बांध का भी हवाई सर्वेक्षण कर जल संरक्षण, जल प्रबंधन और सिंचाई परियोजनाओं से जुड़े कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। गौरतलब है कि रामजल सेतु लिंक परियोजना का फीडर चैनल तीन प्रमुख बांधों ईसरदा, गलवा और बंध बारेठा से गुज़रता है। अभियान के तहत मुख्यमंत्री ने भरतपुर के बंध बारेठा बांध पर भी जल पूजन किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेश में जल संरक्षण, जल संवर्धन और पारम्परिक जल स्रोतों के पुनर्जीवन के प्रति राज्य सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई।

प्रदेश के अन्य जिलों में भी 'वंदे गंगा जल संरक्षण–जन अभियान' के तहत कई कार्यक्रम आयोजित किये गये। ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने कोटा ज़िले के सांगोद में, देवस्थान मंत्री जोराराम कुमावत ने पाली में, विधायक राजेंद्र भांबू ने झुंझुनूं में और विधायक शैलेश सिंह ने डीग में इस अभियान की शुरूआत की। हनुमानगढ़ के लखुवाली हैड पर, बारां के मनिहारा तालाब पर, डूंगरपुर में गेपसागर पर, बांसवाड़ा के माही माता मंदिर पर, सिरोही और बालोतरा सहित विभिन्न स्थानों पर भी जल संरक्षण को लेकर विशेष कार्यक्रम आयोजित किये गये। इस मौके पर जनप्रतिनिधियों ने उपस्थित लोगों को पानी बचाने की शपथ भी दिलाई गई।

गौरतलब है कि अभियान के तहत 5 जून तक प्रदेशभर में जल संरक्षण को लेकर व्यापक जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। गांवों में कुओं, बावड़ियों, तालाबों और अन्य जल स्रोतों की साफ–सफाई, श्रमदान, जल चौपाल, प्रभात फेरी, पौधारोपण जैसे कार्यक्रम आयोजित होंगे।

000

अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रूबियो अपनी पत्नी जेनेट डी. रूबियो के साथ आज जयपुर पहुंचे। वे सांगानेर एयरपोर्ट से सीधे आमेर महल घूमने गये। महल के जलेब चौक में उनका पारंपरिक राजस्थानी अंदाज में स्वागत किया गया। उनके स्वागत में लोक कलाकारों ने घूमर, कालबेलिया और कच्छी घोड़ी नृत्य पेश किया। इस दौरान उन्हें आमेर के शीश महल, गणेश पोल, दीवाने आम, दीवाने खास, सुख निवास और मावठा झील के बारे में बताया गया। अमेरिका के विदेश मंत्री करीब आधा घंटे तक आमेर महल में रुके। उनका आज रात जयपुर में रुकने और कल सुबह दिल्ली लौटने का कार्यक्रम है।

000

केन्द्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने आज राजस्थान में 10 हजार किलोमीटर से अधिक राष्ट्रीय राजमार्गों की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने टिकाऊ और कुशल राजमार्गों के निर्माण के लिए समय पर परियोजना वितरण, कड़े गुणवत्ता मानकों का पालन और उन्नत प्रौद्योगिकियों के एकीकरण के महत्व पर बल दिया। श्री गडकरी ने परियोजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाने और गुणवत्ता निगरानी को मजबूत करने की आवश्यकता पर बल दिया।

000

केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह आज से दो दिन के बीकानेर दौरे पर रहेंगे। उनका आज रात बीकानेर के नाल हवाई अड्डे पंहुचने का कार्यक्रम है। श्री शाह कल सांचू सीमा चौकी पर प्रहरी सम्मेलन में शिरकत करेंगे। इस दौरान वे महिला बैरकों का ई–उद्घाटन करेंगे। इसके बाद गृहमंत्री बीएसएफ सेक्टर मुख्यालय में अधिकारियों के साथ सीमा क्षेत्र सुरक्षा और विकास को लेकर बैठक करेंगे। उनका बीएसएफ जवानों से संवाद करने का भी कार्यक्रम है। गृहमंत्री के दौरे के मद्देनजर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी अब से कुछ देर बाद बीकानेर पहुंचेंगे।

इससे पहले मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने बीकानेर पहुंचकर गृहमंत्री के दौरे की तैयारियों का जायज़ा लिया।

000

राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान की ऑन–डिमांड परीक्षा प्रणाली के तहत राज्य में परीक्षा केंद्रों का विस्तार किया गया है। संस्थान के क्षेत्रीय कार्यालय जयपुर के अनुसार छात्रों की बढ़ती मांग को देखते हुए बूंदी और सीकर में दो नए ऑन–डिमांड एग्जामिनेशन सेंटर शुरू किए गए हैं। संस्थान की ओर से बताया गया है कि इस परीक्षा प्रणाली के माध्यम से विद्यार्थी सुविधा के अनुसार कक्षा 10वीं और 12वीं की परीक्षा दे सकते हैं। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों का शैक्षणिक वर्ष बचाना, परीक्षा का तनाव कम करना तथा कामकाजी युवाओं और खिलाड़ियों को लचीली शिक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराना है। गौरतलब है कि राज्य में जयपुर, कोटा, बीकानेर और उदयपुर में ऑन–डिमांड परीक्षा केंद्र पहले से संचालित

हैं। अब बूंदी और सीकर के केंद्रीय विद्यालयों इस व्यवस्था से जोड़ा गया है। साथ ही सभी केंद्रों पर परीक्षार्थियों की सीट क्षमता 50 से बढ़ाकर 100 कर दी गई है।

000

नौतपा शुरू होने के साथ ही आज से प्रदेश में भीषण गर्मी का असर बढ़ गया है। राज्य के अधिकांश हिस्से आज लू और गर्म हवाओं की चपेट में रहे। कुछ जिलों में दिन का तापमान 45 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया, वहीं रातें भी काफी गर्म बनी हुई हैं। जैसलमेर, बाड़मेर, और बालोतरा सहित सरहदी जिलों और पूर्वी जिलों में लू का प्रकोप रहा।

तेज धूप और गर्म हवाओं के कारण सामान्य जनजीवन प्रभावित हुआ है। दोपहर के समय बाजारों और सड़कों पर आवाजाही कम रही। हमारे बाड़मेर संवाददाता ने बताया कि तेज गर्मी के कारण आम लोगों के साथ पशु–पक्षी भी बेहाल हैं।

000

मौसम केंद्र जयपुर की ओर से कहा गया है कि प्रदेश में अगले चार–पांच दिन लू और गर्मी के ऐसे ही हालात बने रहेंगे। केंद्र ने कल जैसलमेर और बालोतरा में लू का ऑरेंज अलर्ट, जबकि 18 अन्य जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने संकेत दिए हैं कि इस महीने के आखिर में कुछ इलाकों में आंधी के साथ बूंदाबांदी हो सकती है।

इस बीच, स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने लोगों को तेज धूप में नहीं निकलने, ज्यादा से ज्यादा पानी पीने और बच्चों तथा बुजुर्गों का विशेष ध्यान रखने की सलाह दी है। राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, जयपुर के डॉक्टर राकेश नागर ने आकाशवाणी को बताया कि प्रचंड गर्मी के दौरान शरीर में पानी की पूर्ति पर विशेष ध्यान दिया जाए।

000

रेलवे ने ग्रीष्मावकाश के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए भावनगर टर्मिनस और शकूरबस्ती के बीच साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। उत्तर–पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी अमित सुदर्शन ने बताया कि ये गाड़ी 29 मई से 27 जून तक साप्ताहिक रूप से चलाई जाएगी।

ये रेलगाड़ी आबूरोड, फालना, मारवाड़ जंक्शन, अजमेर, किशनगढ़, फुलेरा, रींगस, नीमकाथाना, नारनौल, रेवाड़ी, गुड़गांव और दिल्ली कैंट सहित विभिन्न स्टेशनों पर ठहराव करेगी।

000